पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान जबलपुर

(संसदीय अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

Pt. Dwarka Prasad Mishra Indian Institute of Information Technology, Design & Manufacturing Jabalpur

(An Institute of National Importance established by an Act of Parliament)

No. EOI/2016-17/09
दिनांक : 23.09.2016

मानदेय के आधार पर विभिन्न विषयों पर हिंदी अनुवाद के लिए आमंत्रण

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान, जबलपुर की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005 में सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन (डिजाइन) एवं विनिर्माण की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

संस्थान की वेबसाइट की विषयवस्तु, संकल्प, संविदा, निविदा प्रपत्र, संस्थान के नियम, वार्षिक विवरण, वार्षिक लेखा इत्यादि का हिन्दी अनुवाद किया जाना है। इसके अतिरिक्त समय समय पर विभिन्न दस्तावेजों के हिन्दी अनुवाद हेतु कुशल हिन्दी अनुवादकों की आवश्यकता बनी रहती है। अतः इस कार्य हेतु अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने में सक्षम व्यक्तियों की सेवाएँ लेने की योजना है। ऐसे व्यक्तियों का चयन उनकी अनुवाद प्रतिभा का मूल्यांकन कर किया जायेगा। इन विषयों का संतोषजनक रूप से और समय पर अनुवाद करने पर रू 250 प्रति 1000 शब्द की दर से मानदेय दिया जायेगा।

अनुवाद के लिए इच्छुक व्यक्ति संलग्न प्रारूप में अपना आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजें:–

श्री संतोष महोबिया
सहायक कुलसचिव/राजभाषा अधिकारी,
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान, जबलपुर,
डुमना एयरपोर्ट रोड, पोस्ट – खमरिया, जबलपुर (म.प्र.) 482005
फोन नंबर : 0761–2794003

अथवा **santosh@iiitdmj.ac.in** पर ई–मेल करें।

इच्छुक अनुवादक अपनी रूचि व्यक्त करते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुवाद कार्य अनुभव, कार्यालय का नाम (यदि कोई हो), पत्राचार का पता, टेलीफोन नं., ई–मेल का पता और अन्य उपयुक्त सूचना यदि कोई हो, को संलग्न प्रारूप में दें।

1. अनुवादित प्रलेख टंकित ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. टंकित प्रलेख हेतु रूपये 10/– प्रति पेज की दर से टंकण शुल्क का भुगतान किया जायेगा। भुगतान हेतु टंकित प्रलेख की सॉफ्ट प्रतिलिपी (e-copy) भी जमा करना आवश्यक होगा।
3. अनुवादित प्रलेख ई–मेल के माध्यम से अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से संस्थान द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को जमा किया जा सकता है। मूल डाक रसीद के जमा करने पर वास्तविक डाक व्यय का भुगतान किया जायेगा।
4. बाद में कभी भी अनुवाद कार्य संतोषजनक न होने पर अथवा समय पर न मिलने पर आगे काम देना बंद किया जा सकता है, जिसके लिए कोई सूचना नहीं दी जाएगी। काम देने या न देने का अधिकार पूर्णतः संस्थान का होगा।
5. अनुवाद के मानदेय का भुगतान संस्थान के संबंधित विभाग से अनुवाद की विषय वस्तु के अनुमोदन हो जाने पर किया जाएगा।
6. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर 2016 है।

Sd/-
संतोष महोबिया
(राजभाषा अधिकारी)

पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी,
अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान
जबलपुर
(संसदीय अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

Pt. Dwarka Prasad Mishra
Indian Institute of Information Technology,
Design & Manufacturing Jabalpur
(An Institute of National Importance established by an Act of Parliament)

हिन्दी में मानक अनुवाद के लिए निर्धारित प्रोफार्मा

1. नाम :..

2. पदनाम/भूतपूर्व पद, यदि कोई हो :..

3. कार्यालय का नाम (यदि कोई हो) :..

4. योग्यता (शैक्षिक/तकनीकी) :..

5. हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा के साथ उत्तीर्ण परीक्षा का स्तर :..

क) हिंदी भाषा के साथ :..

ख) अंग्रेजी भाषा के साथ :..

6. विशेषज्ञता का क्षेत्र :..

7. तकनीकी अनुवाद का अनुभव :..

8. पत्राचार का पता :..
....
....
....

9. दूरभाष संख्या एवं ई–मेल :..

10. अन्य उपयुक्त सूचना (यदि कोई हो) :..
....

11. संलग्न स्वहस्ताक्षरित दस्तावेजों की संख्या :..

दिनांक : .... (हस्ताक्षर)
स्थान : ....